प्रशिक्षण में डुमरी के कैडेट्स को मिली सफलता

संस, डुमरी (गिरिडीह) : राधागोविंद यूनिवर्सिटी रामगढ़ में 22 झारखंड बटालियन एनसीसी हजारीबाग के तत्वावधान में 25 नवंबर से दो दिसंबर तक आयोजित एनसीसी कैडेट के सात दिवसीय प्रशिक्षण में झारखंड कालेज डुमरी के कैडेट्स ने सफलता हासिल की। इस कैंप में झारखंड कालेज से कुल छह कैडेट्स ऋषि गोस्वामी, अभिषेक मंडल, इंद्रजीत दास, श्रवण कुमार, पप्पू कुमार और मेघलाल महतो ने भाग लिया था जिसमें ऋषि गोस्वामी को आल बेस्ट कैडेट का अवार्ड मिला। साथ ही पेंटिंग स्पीच आफ फायरिंग में भी द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके साथ ही कैडेट श्रवण कुमार को सात किलोमीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। एनसीसी पदाधिकारी प्रो राजेश प्रसाद ने कहा कि इनकी सफलता से एनसीसी यूनिट समेत पू कालेज परिवार गौरवान्वित अनुभव कर रहा है।

ओवरआल बेस्ट कैडेट का पुरस्कार लेते ऋषि गोस्वामी • जागरण